राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र देंगे मुख्य वक्तव्य

नई शिक्षा नीति पर महाविद्यालयों की होगी बुधवार को संगोष्ठी

जयपुर, 10 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बुधवार दोपहर को नई शिक्षा नीति पर प्रदेश के महाविद्यालयों में आयोजित होने वाली आनलाईन संगोष्ठी में मुख्य वक्तव्य देंगे। राज्यपाल इस दौरान मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के 184 संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों, अधिस्ठाता और विभागाध्यक्षों से संवाद भी करेंगें।

उदयपुर स्थित मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली इस वर्चुअल संगोष्ठी में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत उच्च शिक्षण में पाठ्यक्रम गुणवत्ता, शोध एवं अनुसंधान में नवाचार आदि पर चर्चा की जाएगी।

———